औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के त्वरित अनुमान जारी

लखनऊ। सरकार की राजस्व आय में वृद्धि का असर औद्योगिक गतिविधियों पर भी दिखने लगा है। नियोजन विभाग की ओर से जारी औद्योगिक उत्पादन सूचकांक से इसकी पुष्टि हुई है। खनन, निर्माण और विद्युत के क्षेत्र में अच्छी प्रगति हुई है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के अगस्त 2020 के त्वरित अनुमान के अनुसार औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) का सामान्य सूचकांक 112.69 रहा। खनन का सूचकांक 91.8, निर्माण का सूचकांक 113.39 और विद्युत क्षेत्र का सूचकांक 140.49 रहा है। अर्थ एवं संख्या विभाग के निदेशक विवेक ने बताया कि उपयोग आधारित वर्गीकरण में प्राथमिक वस्तुओं, पूंजीगत वस्तुओं, मध्यवर्ती वस्तुओं, आधारभूत संरचना/निर्माण वस्तुओं, उपभोक्ता टिकाऊ और उपभोक्ता गैर टिकाऊ वस्तुओं का सूचकांक शामिल है। ब्यूरो